कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया वन प्रभाग, औरैया।

पत्रांकः 524 /14–1 दिनांकःऔरैयाःअगस्त, 21, ,2023

सेवा में,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता/तहसीलदार,
राजस्व विभाग, औरैया।

विषयः– मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा जनपद औरैया के अन्तर्गत तहसील औरैया के ग्राम अस्ता को ऊँचे स्थान पर बसाये जाने के लिये दिये गये निर्देशों के अनुपालन हेतु वन विभाग की 3.943 हे0 आरक्षित वन भूमि को गैरवानिकी प्रयोग एवं वाधक 508 वृक्षों के पातन/ट्रान्सप्लान्ट की अनुमति के सम्बन्ध में।

प्रस्ताव सं0– ***FP/UP/REHAB/149021/2021***

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर की पत्र संख्या 315/14–1 दिनांक 09.08.2023।

उपरोक्त विषयकगत प्रकरण अस्ता ग्राम वासियों को ऊँचे स्थान पर बसाये जाने हेतु मा0 मुख्य मंत्री जी उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये उक्त विषयगत प्रकरण आप द्वारा भारत सरकार के परिवेश पोर्टल पर प्रथम भाग अपलोड कराया गया था। जिसमें आप द्वारा समस्त अभिलेखों/प्रपत्रों में विनिमय शब्द का प्रयोग किया गया है जिसमें उ0प्र0 शासन द्वारा आपत्ति लगाई गई थी। तथा उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा भी आपत्ति लगाई गई है ।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप विषयगत प्रकरण में समस्त अभिलेखों/प्रपत्रों में विनिमय शब्द संशोधित कर पुनः प्रस्ताव अपलोड करायें जिससे प्रस्ताव शासन को भेजा जा सके।

(इम्तियाज अहमद सिद्धीकी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
औरैया वन प्रभाग, औरैया

पत्रांक– 524 / समदिनांकित।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– जिलाधिकारी महोदय, औरैया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि– अपर जिलाधिकारी, औरैया को इस निवेदन के साथ प्रेषित है कि आप अपने स्तर से प्राधिकृत हस्ताक्षर कर्ता/तहसीलदार, औरैया को निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

(इम्तियाज अहमद सिद्धीकी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
औरैया वन प्रभाग, औरैया

O/C

E:\DFO2\DRAFTMEN\Letter 2014-15.doc